इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, शनिवार, 29 अप्रैल 2023
वर्ष 15 अंक 233 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

जो व्यक्ति भी विकास के लिए खड़ा है उसे हर एक रूढ़िवादी चीज की आलोचना करनी होगी, उसमे अविश्वास करना होगा तथा उसे चुनौती देनी होगी।
-भगत सिंह

तापमान - अधिकतम 35.8°C (-3.7) न्यूनतम 22.4°C(-0.7) सेंसेक्स 61,112.44 (+463.06) निफ्टी 18,065.00 (+149.95) सोना 60,970 चांदी 76,200 मुद्रा - डालर 81.75 दिरहम 22.26 रियाल 21.80

प्रो. राजेंद्र प्रसाद को आरवी राजम एकेडमिक ओरेशन अवार्ड

एराज मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल के डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन हैं प्रो. प्रसाद

लखनऊ (सं)। एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल और एरा विश्वविद्यालय के डॉयरेक्टर मेडिकल एजुकेशन और प्रोफेसर रेस्पिरेटरी मेडिसिन प्रो. राजेन्द्र प्रसाद को पल्मोनरी मेडिसिन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए डॉ. आरवी राजम एकेडमिक ओरेशन अवार्ड ऑफ नेशनल अकैडमी ऑफ मेडिकल साइंसेस इण्डिया प्राप्त हुआ है। प्रो. राजेन्द्र एमेरिटस प्रोफेसर नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज भी हैं।

यह अवार्ड उन्हें नेशनल अकेडमी के 63 वें फाउन्डेशन के दौरान प्रिंसिपल साइंटिफिक एडवाइजर गवर्मेंट ऑफ इंडिया प्रो. एके सूद ने दिल्ली में दिया। डॉ. आरवी राजम अकैडमिक ओरेशन अवार्ड उन मेडिकल एवं सार्वजनिक स्वास्थ वैज्ञानिको को मिलता है जिनकी पब्लिशड रिसर्च का हमारे देश के हेल्थ नीड्स पर जरुरत है। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने फाउंडेशन डे फंक्शन के दौरान अपना व्याख्यान करंट सिनेरियो इन मैनेजमेंट प्रैक्टिसेज ऑफ टूबरकुलोसिस इन इंडिया पर दिया। प्रोफेसर प्रसाद नेशनल टास्क फोर्स फॉर इंवोल्मेंट ऑफ मेडिकल कॉलेजेस इन नेशनल टूबरकुलोसिस एलिमिनेशन प्रोग्राम के वाईस चेयरमैन हैं। उन्होंने अभी तक लगभग 200 रिसर्चेस सुपरवाइज की हैं। उनके 400 ओरिजिनल आर्टिकल्स, रिवियू, और बुक चैप्टर पब्लिश हो चुके हैं। उन्होंने 4 पुस्तक टीबी पर और फाइबर ऑप्टिक ब्रोंकोस्कोपी पर एक एटलस सहित 11 पुस्तकें भी लिखीं हैं। उनके रिसर्च पेपर्स को 3600 बार साइट किया गया है जिसमें एच इंडेक्स 35 और आई10 इंडेक्स 85 हैं। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर प्रसाद को 2022 में टॉप 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में करियर लॉग रैंकिंग्स पर और पिछले साल की रैंकिंग्स पर पूरे संसार में रैंक किया।प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद हमारे देश के जाने माने चेस्ट फिजिशियन एवं पल्मोनरी मेडिसिन में प्रसिद्ध शिक्षक भी है। प्रोफेसर प्रसाद ने नेशनल टूबरकुलोसिस एलिमिनेशन प्रोग्राम पर काफी काम किया है। वह नेशनल टेक्निकल एक्सपर्ट ग्रुप ऑन डायग्नोसिस एंड ट्रीटमेंट ऑफ टूबरकुलोसिस, रेगुलेशन ऑफ न्यू टी.बी. ड्रग्स, गाइडेड ट्रीटमेंट ऑफ ड्रग रेसिस्टेंट टीबी, बेडाक्वीलिन कंडीशनल एंड एक्सपेंडेड एक्सेस प्रोग्राम इन इंडिया के मेंबर भी रह चुके हैं। वह एमडीआर एक्सडीआर टीबी, एचआईवी और टीबी, एक्सट्रा पल्मोनरी टीबी, रेस्पिरेटरी एलर्जी, ब्रोन्कियल अस्थमा, सीओपीडी, निमोनिया, ब्रोंकोस्कोपी और ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया की इंडियन गाइडलाइन के सदस्य भी रह चुके हैं। प्रो. प्रसाद को 60 से अधिक पुरस्कार मिल चुके हैं जिसमें डॉ. बीसी रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार, नेशनल कॉलेज ऑफ चेस्ट फिजिशियन, इंडियन एसोसिएशन फॉर ब्रोंकोलॉजी, थोरैसिक एंडोस्कोपी सोसाइटी ऑफ इंडिया, इंडियन चेस्ट सोसाइटी और ट्यूबरकुलोसिस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रमुख हैं।